RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार, 22 मार्च 2023 | वर्ष 04 | अंक 288 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App


## अवैध शराब के कारोबार पर लगाम के लिए महाराष्ट्र सरकार की मुखबिरों का नेटवर्क बनाने की योजना: मंत्री



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए मुखबिरों का नेटवर्क खड़ा करने पर विचार कर रही है. राज्य के एक मंत्री ने विधानसभा को इस बारे में सूचित किया. विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अजित पवार के एक सवाल के जवाब में राज्य के आबकारी मंत्री शंभुराज देसाई ने इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी.

देसाई ने कहा, ''हमने पुलिस की तर्ज पर मुखबिरों का नेटवर्क खड़ा करने की योजना बनाई है. ये मुखबिर जिलों में संचालित हो रहे अवैध शराब के कारोबार के बारे में सूचना देंगे. जो सूचना देगा उसे इनाम में धनराशि मिल सकती है.'' प्रश्नकाल में प्रश्न पूछते हुए पवार ने सुझाव दिया कि राज्य का आबकारी विभाग अवैध शराब व्यापार को रोकने के लिए मुखबिरों का नेटवर्क बना सकता है और जब वह इस विभाग के मंत्री थे तो इस आशय के प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी. उन्होंने कहा कि इन मुखबिरों को जरूरत पड़ने पर लाखों रुपये का भुगतान किया जा सकता है, क्योंकि अवैध शराब के कारोबार से राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के कर का नुकसान हो रहा है. इस पर देसाई ने कहा कि मुखबिरों का नेटवर्क खड़ा करने के अलावा सरकार किसी क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार का मामला सामने आने पर जिला स्तर के अधिकारी को जवाबदेह बनाने के विकल्प पर भी विचार कर रही है.

# केंद्र के फैसले पर विपक्ष आक्रामक !

## मुंबई से दिल्ली शिफ्ट होगा टेक्सटाइल कमिश्नर का ऑफिस...






**मुंबईः** महाराष्ट्र में गुढी पाडवा से नए साल की शुरूआत मानी जाती है. इस दिन लोग नई चीजों की खरीदारी करते हैं और उन्हें अपने घरों में लाते हैं. इसी गुढीपाडवा के वक्त मुंबई से टेक्सटाइल कमिश्नर के ऑफिस को दिल्ली में शिफ्ट किया जा रहा है. केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है. इससे पहले मुंबई में स्थित अंतर्राष्ट्रीय वित्तिय केंद्र को भी गुजरात के अहमदाबाद में ले जाया गया. फॉक्सकॉन और टाटा एयरबस जैसे प्रोजेक्ट भी महाराष्ट्र से जाने के बाद अब इस फैसले को लेकर विपक्ष आक्रामक हो रहा है. इसे मुंबई की अहमियत को कम करने की कोशिश और महाराष्ट्र द्रोह के तौर पर देखा जा रहा है. एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड, कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने केंद्र सरकार के इस फैसले की आलोचना की है. जितेंद्र आह्वाड ने कहा है कि इस फैसले से मराठी माणूस के स्वाभिमान को चिढ़ाने की कोशिश की गई है. 18 वीं सदी में यूरोप में हुई औद्योगिक क्रांति के बाद इंग्लैंड के मैनचेस्टर को दुनिया के कपड़े उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र कहा जाता था.

### मुंबई की अहमियत घटाने की कोशिश, कर क्या रहे शिंदे-फडणवीस?

**सचिन सावंत ने ट्वीट कर कहा है कि यह केंद्र की मोदी सरकार के मन के मुंबई द्वेष को प्रदर्शित करता है. महाराष्ट्र देश का आर्थिक इंजन है. महाराष्ट्र को पीछे धकेलना 12 करोड़ महाराष्ट्रवासियों को नीचा दिखाने का प्रयास है. केंद्र की ओर से एक के बाद एक ऐसे फैसलों से विपक्ष ने राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार को लाचार बताया है. अब बीजेपी या शिंदे गुट इस पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं, यह देखने वाली बात होगी.**

## दादा भुसे का राउत पर पलटवार, आरोप सही साबित हुए तो छोड़ दूंगा राजनीति, अगर गलत निकले तो...



**मुंबई :** शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के मंत्री दादा भुसे ने मंगलवार को दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत की राकांपा प्रमुख शरद पवार के साथ वफादारी झूठी है। भूसे ने विधानसभा में बोलते हुए राउत को इस्तीफा देने की चुनौती दी और कहा कि वह ह्यगद्दारोंह्व के वोट पर राज्यसभा सांसद बने हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला शिवसेना गुट एकनाथ शिंदे और 39 बागी विधायकों पर तंज कसने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करता है। मंत्री राउत के एक ट्वीट का जिक्र कर रहे थे जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भुसे ने एक कंपनी के नाम पर किसानों से 178.25 करोड़ रुपये के शेयर एकत्र किए, लेकिन इसकी वेबसाइट पर 47 सदस्यों के मुकाबले केवल1.67 लाख रुपये के शेयर दिखाए गए हैं।

# नाना पटोले ने बोला BJP पर हमला

## कहा- मेहुल चौकसी हैं मोदी के मित्र



**मुंबई :** मेहुल चौकसी का नाम इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस से हटाने पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पीएम मोदी और बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अडानी और मोदी जी के संबंध क्या हैं? राहुल गांधी के इस सवाल पर उन्हें परेशान किया जाता है। सरकार ने जान बूझकर यह किया है मेहुल चौकसी मोदी जी के मित्र है।

नाना पटोले ने कहा कि पीएम मोदी की मंशा साफ है कि वह गलत काम करने वालों को बचाना चाहते हैं और बेगुनाहों को जेल भेजना चाहते हैं। पीएम मोदी ने दिखाया कि कैसे उन्होंने मेहुल चोकसी को उनके खिलाफ इंटरपोल नोटिस वापस लेने में मदद करके अपने पद का दुरुपयोग किया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पीएम मोदी और अडानी के बीच संबंध जानना चाहते हैं और जानना चाहते हैं कि उन्हें भारत और दुनिया भर से ठेके और पैसा क्यों दिया जा रहा है। जनता देख रही है कि कैसे अडानी मामले पर पीएम मोदी से सवाल करने पर राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डाकुओं को बचाना और सन्यासी को जेल में डालना यह इखढ की नीति है। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि अपने पद का दुरुपयोग कैसे करना है इसके बारे में मोदी जी ने कई बार बताया है। अडानी और मोदी जी के संबंध क्या हैं? राहुल गांधी के इस सवाल पर उन्हें परेशान किया जाता है। सरकार ने जान बूझकर यह किया है मेहुल चौकसी मोदी जी के मित्र है।

# मुंबई हवाईअड्डे से ड्रग कार्टेल मामले में दो कस्टम एजेंट गिरफ्तार

## मिलीभगत से विदेश भेजते थे नशा



**मुंबई :** मुंबई अपराध शाखा के एक्सटॉर्शन रोधी प्रकोष्ठ (एईसी) ने जांच का दायरा बढ़ाया है। पुलिस ने ड्रग कार्टेल से कथित मिलीभगत के आरोप में मुंबई हवाईअड्डे से दो कस्टम क्लीयरिंग एजेंट गिरफ्तार किए हैं। जांच में पाया गया है कि यूरोप, अमेरिका और यूएई में नशीले पदार्थ भेजने में शामिल इस गिरोह के अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी भारतीय ड्रग कारोबारी कैलाश राजपूत के साथ संबंध हैं। राजपूत को हाल ही में आयरलैंड में हिरासत में लिया गया है।

### दुबई से पूरे गिरोह का संचालन

जांच में पाया गया कि आयरलैंड में राजपूत की गिरफ्तारी के बाद अभी उसका प्रत्यर्पण नहीं हुआ है, लेकिन उसका गुर्गा दानिश मुल्ला अब दुबई से पूरे गिरोह का संचालन कर रहा है। राजपूत की गिरफ्तारी के बाद यह मुंबई हवाई अड्डे से यूएई भेजी जा रही पहली खेप थी। बता दें मुंबई में एईसी ने अंधेरी में नशीले पदार्थ और प्रतिबंधित दवाएं विदेश भेजने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 8 करोड़ रुपए की केटामाइन की बरामदगी हुई। एईसी ने मुल्ला सहित तीन वांछित अभियुक्तों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। पुलिस रैकेट के दाउद गिरोह से संबंधों की भी जांच कर रही है।

पुलिस ने आगे जांच में पाया कि एयरपोर्ट कस्टम क्लियरिंग एजेंटों की मिलीभगत से इन नशीले पदार्थों और प्रतिबंधित दवाओं को बाहर भेजा जा रहा था। एईसी द्वारा गिरफ्तार किए गए कस्टम एजेंटों की पहचान अभय जदाय (40), बाबासाहेब बाजीराव काकडे (49) और शितेश पवार (40) के रूप में हुई है।

## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

# बेलगाम खालिस्तानी

पंजाब में अतिवादी अमृतपाल सिंह और उसके साथियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बाद लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग और अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास को खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह निशाना बनाया, उसकी केवल निंदा-भर्त्सना ही पर्याप्त नहीं। भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ब्रिटेन और अमेरिका की सरकारें इन उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। यह ठीक नहीं कि न तो लंदन में भारतीय उच्चायोग में कोई सुरक्षा व्यवस्था दिखी और न ही सैन फ्रांसिस्को के वाणिज्य दूतावास में। इससे भी खराब बात यह है कि इन दोनों भारतीय ठिकानों पर हमले के लिए जिम्मेदार खालिस्तानियों के विरुद्ध वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षित ही नहीं, आवश्यक थी।

पंजाब के मुख्यमंत्री की मानें तो विदेशी ताकतों के साथ मिलकर माहौल खराब करने वालों को पकड़ लिया गया है।

यह पहली बार नहीं, जब ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय हितों को चोट पहुंचाने वाले खालिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में ढिलाई बरती गई हो। खालिस्तानियों के उपद्रव और उत्पात की एक लंबे समय से अनदेखी होती चली आ रही है। जैसा ब्रिटेन और अमेरिका में हो रहा है, वैसा ही कनाडा और आस्ट्रेलिया में भी। यह किसी से छिपा नहीं कि इन दोनों देशों में खालिस्तानियों ने किस तरह एक के बाद एक मंदिरों को निशाना बनाया। कनाडा और आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं की निंदा तो की, लेकिन उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया।

यह महज दुर्योग नहीं हो सकता कि पश्चिमी देश अपने यहां के बेलगाम खालिस्तानियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के स्थान पर हाथ पर हाथ रखकर बैठने का काम कर रहे हैं। कहीं यह ढिलाई किसी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा तो नहीं? भारत को इस प्रश्न की तह तक जाना होगा और इसका एक उपाय इन देशों से सीधे सवाल-जवाब करना है।

भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने में उन देशों की ओर से ढिलाई बरतना हैरान करता है, जो भारत के मित्र देश हैं और जिनके साथ विभिन्न विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता का क्रम जारी है। यदि पश्चिमी देश अपने यहां के खालिस्तानियों को नियंत्रित करने में तत्परता का परिचय नहीं देते तो भारत को यह स्पष्ट करने में संकोच नहीं करना चाहिए कि भारतीय हितों के खिलाफ सक्रिय तत्वों के प्रति उनकी सुस्ती संबंधों को बिगाड़ने का काम करेगी। भारत को इन देशों के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए उन्हें इसके लिए बाध्य करना होगा कि वे खालिस्तानी चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## माहिम किला के पास बने झोपड़े को मनपा ने किया निष्काशित

# झोपड़ा धारकों को मनपा उपलब्ध कराएगी घर


**मुंबई :** किलो का संवर्धन करने पर मनपा प्रशासन ने जोर दिया है। मनपा प्रशासन ने माहिम किला के पास बने झोपड़ी को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। झोपड़ा धारकों को पयार्यी घर दिए जाने का निर्णय मनपा प्रशासन की ओर से लिया गया है क्योंकि माहिम किल्ला के पास बने झोपड़े यह 1995 के पूर्व के होने के कारण मनपा को पयार्यी घर देना मजबूरी है। बता दे कि महाराष्ट्र में विभिन्न किलो के आस पास हुए अवैध निर्माण को हटाने और किलो को दोबारा अपने स्वरूप में लाने को लेकर लेकर दुर्ग प्रेमी संस्था की ओर से बड़ा प्रयास किया जा रहा है। सरकार के सामने राज्य भर में फैले किलो की देखभाल के लिए भी दबाव डाला आज रहा



है। माहिम के किला को 1972 में प्राचीन स्मारक और हेरिटेज विभाग द्वारा महाराष्ट्र अधिनियम 1960 के तहत राज्य सारंक्षित स्मारक के रूप में घोषित किया गया। उस दरम्यान सीमा शुल्क विभाग द्वारा सुरक्षा भी हटा ली गई। जिसके चलते माहिम किला के पास बड़े पैमाने पर झोपड़े बन गए। माहिम किला के पास 267 झोपड़े तैयार हुए जिनमे लगभग 3000 रहिवासी रह रहे है।मनपा ने माहिम किला के पास सभी झोपड़ा धारकों का एनक्सर 2 तैयार किया। किला के पास के कुल 267 झोपड़े में 263 झोपड़ा धारक के पास 1995 के पूर्व का कागजात पाए जाने से यह सभी झोपड़ा धारक पात्र हुए है।मनपा इन सभी झोपड़ा धारकों को योग्य स्थान पर घर देकर परिसर को फिर से खुला किया जाएगा। मनपा झोपड़ा धारकों को मलाड स्थित साई राज गुराई पाड़ा में संक्रमण शिबीर में बनाए गए 175 घर और एम एम आर डी ए द्वारा भंडारी मेटालर्जी में 77 घर और मालवाड़ी में रॉयल फिंच इमारत में 11 घर उपलब्ध कराए गए। सभी झोपड़ा धारकों को घर उपलब्ध कराकर माहिम किला के पास को खाली किया जा रहा है। मनपा जी उत्तर के सहायक आयुक्त प्रशांत सकपाले ने कहा की लोगो को चिट्ठी निकाल कर घर दिया जा रहा है कुछ लोग घर लेने नही जा रहे है। मनपा पुलिस की सहायता से लोगो का घर खाली कराएगी और माहिम किला परिसर को पूरी तरह सौद्रीयकरण कर पर्यटन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

# नौकरियों में ट्रांसजेंडर को मिलेगा आरक्षण?

## हाई कोर्ट ने शिंदे सरकार से कही ये बात



**मुंबई :** बंबई हाई कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से कहा कि वह सरकारी शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर को आरक्षण देने पर विचार करे. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस. वी. गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति संदीप एम. की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा गठित एक समिति को इस मुद्दे पर विचार करने और सात जून तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया.

**कोर्ट ने कही ये बात**

जब महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने और समय मांगा तो अदालत ने टिप्पणी की, ''अगर तलवार लटक रही है, तो चीजें तेजी से आगे बढ़ती हैं.'' इंजीनियरिंग में डिग्री धारक ट्रांसजेंडर विनायक काशिद ने एक याचिका दायर की है, जिसमें महाट्रांसको द्वारा बड़े पैमाने पर भर्ती के लिए मई में जारी विज्ञापन में संशोधन का निर्देश देने का अनुरोध किया गाया है, ताकि ट्रांसजेंडर श्रेणी को इसमें शामिल किया जा सके. काशिद की ओर से पेश वकील क्रांति एल.सी. ने अदालत को सूचित किया कि कर्नाटक में सभी जाति श्रेणियों में ट्रांसजेंडर के लिए एक प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है. उन्होंने अनुरोध किया कि ऐसी आरक्षण नीति महाराष्ट्र में भी अपनाई जाए.

## मुंबई, ठाणे, रायगढ़ के कुछ हिस्सों अभी जारी रहेगी बारिश...



**मुंबई :** देश के कई राज्यों में इस वक्त बारिश हो रही है. मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई हिस्सों में मंगलवार सुबह झमाझम बारिश हुई है. मौसम विभाग की मानें तो आज बारिश जारी रहेगी. आईएमडी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से बारिश हो रही है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने अगले 3-4 घंटों के लिए मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बिजली गिरने, हल्की से मध्यम बारिश और आंधी चलने की भविष्यवाणी की है.

# जल नीति के तहत मनपा के पास आए छह हजार आवेदन... 700 परिवारों को ही मिल पाया नल कनेक्शन

**मुंबई :** केंद्र सरकार की सभी को जल के तहत मनपा प्रशासन ने भी सभी को नल कनेक्शन देने का निर्णय लिया।मनपा द्वारा यह निर्णय लेकर लगभग एक साल बीत जाने के बावजूद अब तक मात्र 700 परिवारों को नल कनेक्शन मिल पाया है। नल कनेक्शन के लिए मनपा के पास अब तक 6,500 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। बता दे कि नल कनेक्शन की सबसे




बड़ी समस्या झोपड़ पट्टी इलाको में होती है। मुंबई के दहिसर स्थित गणपत पाटिल नगर, मानखुर्द के महाराष्ट्र नगर, मलाड पश्चिम के अंबुजवाड़ी और भीमनगर में पानी के कनेक्शन को लेकर सबसे अधिक आवेदन आए। इसी तरह वसोर्वा के सिद्धार्थ नगर में भी नल कनेक्शन को लेकर आवेदन आए है मनपा द्वारा इन इलाको से आए आवेदन में अब तक मात्र 700 परिवारों को कनेक्शन दिया जा चुका है। मनपा का कहना है की दहिसर स्थित गणपत पाटिल नगर में और कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है।मुंबई में 1 मई 2022 से 'जल' नीति का कार्यान्वयन की गई है।इस नीति के तहत नल कनेक्शन पाने के लिए मुंबई की झुग्गियों से अधिक आवेदन आए है। 5 परिवारों के लिए एक आवेदन के रूप में करीब सात हजार परिवारों ने आवेदन किया है।



## मुंबई और आस-पास के शहरों में बेमौसम भारी बारिश...



**मुंबई:** मुंबई एवं उसके आस पास के उपनगरीय शहरों में मंगलवार सुबह बेमौसम भारी बारिश हुई जिससे पारा गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि बारिश से लोकल ट्रेन सेवाओं और बसों की सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा। उपनगरीय शहरों जैसे कि ठाणे, मीरा-भाईंदर और वसई-विरार में भी सुबह भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पछुआ हवाओं और अरब सागर से आने वाली नमी को बारिश के लिए जिम्मेदार बताया है। मार्च में मुंबई में बारिश होना असमान्य है। बीएमसी ने कहा कि मुंबई शहर के कुछ हिस्सों और उपनगरीय शहरों में सुबह सात से आठ बजे के बीच 20-25 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मध्य मुंबई के इलाकों जैसे कि मांडवी दमकल केंद्र, मेमनवाड़ा दमकल केंद्र, भायखला दमकल केंद्र और बीएमसी मुख्यालय में क्रमशः 28 मिलीमीटर, 25 मिलीमिटर, 23 मिलीमीटर और 19 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# २५ साल पहले हुए मर्डर का बदला लेने के लिए मुंबई में बिल्डर की हत्या,

## 25 लाख रुपये देकर बिहार से बुलाए शूटर्स



**मुंबई:** नेरुल सेक्टर 6 में पिछले सप्ताह एक बिल्डर की बाइक सवार दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में नवी मुंबई पुलिस ने बिहार के तीन शूटरों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले का मुख्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे ने बताया कि मुख्य आरोपी ने अपने रिश्तेदार की हत्या का बदला लेने के लिए बिल्डर सावजी पटेल की हत्या कराई है। उसने बिहार के शूटर्स को 25 लाख रुपये की सुपारी दी थी। पिछले महीने भी आरोपियों ने गुजरात में बिल्डर पटेल को मारने का प्लान बनाया था, लेकिन सफल नहीं हुए। पुलिस आयुक्त ने बताया कि बेलापुर में रहनेवाले बिल्डर सावजी पटेल (50 वर्ष) की हत्या के आरोप में गुजरात से मेहेक जयरामभाई नारीया (28), बिहार के खगरिया निवासी शूटर कौशल कुमार विजेंदर यादव (18), गौरवकुमार विकास यादव (24) और सोनूकुमार विजेंदर यादव (23) को गिरफ्तार किया गया है।

**ताबड़तोड़ फायरिंग कर ली थी जान**

सावजी पटेल पिछले सप्ताह बुधवार को नेरुल के अंबिका दर्शन सोसाइटी आए थे। लगभग पांच बजे जब वह अपनी कार में सवार होकर वापस लौट रहे थे, उसी समय मोटरसाइकल सवार दो अज्ञात लोगों ने उन पर फायरिंग कर दिया।


पटेल को चार गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौत हो गई। नेरुल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से दोपहिया के नंबर के आधार पर पुलिस ने मेहेक जयरामभाई नारीया को राजकोट (गुजरात) से गिरफ्तार कर लिया। नारीया ने पुलिस को बताया कि सावजी पटेल ने वर्ष 1998 में बच्चू भाई पटनी की हत्या कर दी थी। वर्ष 2002 में उसके रिश्तेदारों के साथ मारपीट की घटना में भी पटेल शामिल था। इसका बदला लेने के लिए बिहार के शूटर्स को 25 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। इस जानकारी के आधार पर तुर्भे एमआईडीसी पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविंद्र दौंडकर, पुलिस निरीक्षक महेश पाटील (प्रशासन), एपीआई सचिन ढगे, एपीआई महेश शिरूरकर की टीम बिहार के खगरिया जिले पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से इस घटना में शामिल तीन शूटर्स को गिरफ्तार कर लिया।

# बीच पर क्रिकेट खेलने गया था दोस्तो का ग्रुप,1 की डूबने से मौत, 2 को बचाया...



**पालघर :** जिले के वसई के समुद्र किनारे क्रिकेट खेलने गए तीन युवक युवक डूब गए। हालाँकि,स्थानीय लोगों ने दो को बचा लिया,लेकिन दुर्भाग्य से युवक स्वप्नील बावकर (21) की डूबकर मौत हो गई।स्वप्नील का शव सोमवार सुबह वसई के भुईगाव किनारे पर पर मिला। मिली जानकारी के अनुसार, युवकों का एक ग्रुप रविवार दोपहर नालासोपारा के कलंब बीच पर क्रिकेट खेलने गया था।दोपहर में क्रिकेट खेलने के बाद युवक स्वप्नील बावकर (21) समुद्र में नहाने गया,लेकिन पानी की गहराई का अनुमान न होने के कारण वह डूबने लगा। जैसे ही वह मदद के लिए चिल्लाया, उसके दो दोस्त उसे बचाने के लिए समुद्र में चले गए,लेकिन वे भी डूबने लगे। इसकी सूचना जैसे ही स्थानीय मछुआरों को मिली उन्होंने दौड़कर समुद्र में जाकर दोनों को बचा लिया,लेकिन स्वप्निल पानी में बह जाने के कारण नहीं मिला,दिन भर उसकी तलाश जारी रही इस बीच स्वप्नील का शव सोमवार सुबह वसई के भुईगांव बीच पर मिला। स्थानीय लोगों द्वारा बचाए गए एक युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# मुंबई के इस मेट्रो स्टेशन के पास LED बोर्ड पर लिखा ये मैसेज हुआ वायरल



**मुंबई :** मुंबई में एक अजीब घटना सामने आई है. वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन से गुजरने वाले वाहन चालकों ने एक अजीब घटना को देखा. पास में लगे एक डिजिटल एलईडी साइन बोर्ड पर लिखा एक मैसेज सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है. अभी यह पता नहीं चल पाया है कि साइन बोर्ड किसने लगाया था. ड्राइवरों, मोटर चालकों ने बोर्ड की तस्वीरें और वीडियो बनाकर ऑनलाइन शहर के नागरिक निकाय को टैग करते हुए ट्विटर पर शेयर किया है.

हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि डिस्प्ले बोर्ड पर संदेश किसने बदला और क्या कार्रवाई शुरू की गई है, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है. इससे पहले मार्च में नवी मुंबई में एक स्पीड-लिमिट साइन बोर्ड पर एक अपमानजनक मैसेज प्रदर्शित किया गया था. उस वक़्त भी कई मोटर चालकों ने इसका वीडियो बनाकर ऑनलाइन शेयर किया था और इसे पुलिस के संज्ञान में लाया था. पुलिस ने स्पीड लिमिट साइन के लिए बिजली की आपूर्ति काट दी थी और उसी की जांच कर रही थी. इस साल जनवरी में, हाजी अली-लोटस जंक्शन के पास इसी तरह की घटना की सूचना मिली थी, जिसमें एक एलईडी बोर्ड का मतलब ट्रैफिक सूचना और ''डोन्ट ड्रिंक एंड ड्राइव'' और ''नो स्मोकिंग'' जैसे संदेशों को बदल दिया गया था. एलईडी बोर्ड लगाने वाली निजी कंपनी के सुपरवाइजर ने बताया कि किसी ने फर्जी तरीके से इलेक्ट्रॉनिक एलईडी बोर्ड सिस्टम में तकनीकी बदलाव कर संदेशों में बदलाव किया था. इससे पहले नवंबर में, पवई इलाके में इसी तरह के अपमानजनक साइन बोर्ड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. साइनबोर्ड पर पूरे दो दिनों तक अपशब्द प्रदर्शित किए गए थे.

# मुंबई एयरपोर्ट से 70 करोड़ की हेरोइन बरामद,

## डीआरआई ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से 70 करोड़ रुपये की कीमत की हेरोइन को जब्त किया है। इसके अलावा राजस्व खुफिया निदेशालय ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी है।

**70 करोड़ रुपये की कीमत की हेरोइन बरामद**

अधिकारी ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने जाल बिछाया था और रविवार सुबह अदीस अबाबा (इथियोपिया) से यात्रा कर रहे एक यात्री को रोका। उन्होंने कहा कि तलाशी के बाद सामान में छिपाकर रखी गई



9.97 किलोग्राम हेरोइन मिली है। जिसकी कीमत 70 करोड़ रुपये की आसपास है।

**एक नाइजीरियाई नागरिक को भी किया गिरफ्तार**

अधिकारी ने बताया कि 70 करोड़ रुपये की कीमत का यह मादक पदार्थ शहर के एक होटल में एक व्यक्ति को सौंपा जाना था। अधिकारी ने कहा कि एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो हेरोइन को खरीदने के लिए होटल आया था। उन्होंने कहा कि बाद में नाइजीरियाई नागरिक के घर से थोड़ी मात्रा में कोकीन और हेरोइन भी बरामद की गई है।

**दोनों आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला**

राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारी ने कहा कि दोनों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही दोनों आरोपियों को डीआरआई की हिरासत में भेज दिया गया है।

# बैंकॉक से मुंबई आ रही थी इंडिगो की फ्लाइट,


## हवा में चली गई यात्री की जान!

**मुंबई :** इंडिगो की एक फ्लाइट में रविवार को कुछ ऐसा हुआ कि उसे म्यांमार डायवर्ट करना पड़ा. इंडिगो की फ्लाइट बैंकॉक से मुंबई की ओर आ रही थी. इसी दौरान फ्लाइट को मेडिकल इमरजेंसी के कारण डायवर्ट करना पड़ा. दरअसल फ्लाइट में एक पैसेंजर की तबीयत बिगड़ गई थी. इसके बाद फ्लाइट को तुरंत म्यांमार डायवर्ट किया गया. इस बात की जानकारी



इंडिगो फ्लाइट ने एक बयान जारी करके दी है. फ्लाइट की म्यांमार में इमरजेंसी लैंडिंग के बावजूद भी बीमार यात्री को बचाया नहीं जा सका. एयरपोर्ट स्टाफ के द्वारा यात्री को फ्लाइट से उतारा गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. इंडिगो की फ्लाइट 6ए-57 जो बैंकॉक से मुंबई की ओर आ रही थी. जिसे मेडिकल इमरजेंसी के कारण म्यांमार के रंगून (यानगोन) डायवर्ट किया गया.

इंडिगो फ्लाइट के बयान के अनुसार यात्री की फ्लाइट में तबीयत अचानक से बहुत खराब हो गई. कुछ देर बाद फ्लाइट पर मौजूद स्टाफ को समझ आया कि यात्री को हार्ट अटैक आया है. यात्री की कंडीशन देख फ्लाइट पर मौजूद स्टाफ ने तुरंत ही नजदीकी एयरपोर्ट से संपर्क करने की कोशिश की. इसके बाद फ्लाइट को म्यांमार के रंगून एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई. इंडिगो के मुताबिक, एयरपोर्ट पर मेडिकल की टीम पहले से ही मौजूद थी, लेकिन इलाज से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी.



# कोस्टल रोड का 72 फीसदी काम हुआ पूरा...

## टनल खोदने की मशीन में आई खराबी के चलते दूसरा टनल खोदने में हुई देरी



**मुंबई:** ट्रैफिक की मुंबई शहर में होने वाली समस्या को दूर करने के लिए बनाए जा रहे कोस्टल रोड का काम लगभग 72 प्रतिशत पूरा हो चुका है। बकाया 28 प्रतिशत का काम पूरा करने के लिए मनपा को युद्ध स्तर पर काम करना होगा तभी जाकर निश्चित अवधि नवंबर तक काम पूरा हो पायेगा। कोस्टल रोड निर्माण में बन रहे टनल की खुदाई के लिए विदेश से लाई गई मशीन में खराबी आने के कारण मार्च में खत्म होने वाला दुसरे टनल का काम अब अप्रैल में पूरा होगा जिसके चलते काम में थोड़ा देरी होने की आशंका जताई जा रही है।

बता दे कि मरीन लाइन्स प्रिंसेस स्ट्रीट से बांद्रा वर्ली सी लिंक तक बन रहे कोस्टल रोड की दूरी 10.58 किमी है। कोस्टल रोड के निर्माण का काम पूरा हो जाने के बाद पश्चिम उपनगर आना जाना आसान हो जायेगा।

कोस्टल रोड का काम नवंबर 2023 तक पूरा करना है इसके लिए काम को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर तीन शिफ्ट में काम किया जा रहा है।कोस्टल रोड के निर्माण में 2.070 किमी की दो सुरंगें हैं और 3 स्थानों पर इंटरचेंज हैं। कोस्टल रोड के निर्माण में 111 हेक्टेयर भूमि पर रिक्लेमेशन किया गया है। कोस्टल रोड के निर्माण हो जाने के बाद लोगो के 34 प्रतिशत ईंधन की बचत होगी। इतना ही नहीं कोस्टल रोड पर ओपन ग्रीन स्पेस, बटरफ्लाई गार्डन और 1 हजार 856 कारों को खड़ी करने की क्षमता वाले 4 पार्किंग स्थल मिलेगें बनाए जाएंगे। कोस्टल रोड के मुख्य अभियंता मंतैया स्वामी ने बताया कि इस परियोजना का 72 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. उन्होंने बताया कि टनल खोदने के लिए उपयोग की जा रही बोरिंग मशीन में खराबी आ जाने के कारण करीब 3 महीने काम बंद रहा. टीबीएम मशीन का एक पार्ट टूट गया था जिसे बनाने के लिए परत इटली से लाना पड़ा जिसे मंगाने में देरी हुई जिसके चलते काम रुका रहा।

# फिर से सिर उठा रहा कोरोना!

## एक्टिव केस एक हजार के पार, डरा रहे ताजा मामले



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. पिछले कुछ दिनों में कोरोना के एक्टिव केसेज में भी भारी उछाल देखने को मिला है. महाराष्ट्र में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए एकनाथ शिंदे की सरकार और स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट है. कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले महाराष्ट्र के साथ-साथ गुजरात में देखे जा रहे हैं.

**महाराष्ट्र में कितने एक्टिव केस?**

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया, महाराष्ट्र में अब कोरोना संक्रमण के 1,308 सक्रिय मामले हैं.

**महाराष्ट्र में कोरोना के आंकड़े**


महाराष्ट्र ले स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र ने रविवार को कोरोनोवायरस के 236 नए मामले दर्ज किए, जिससे संक्रमण का आंकड़ा बढ़कर 81,39,737 हो गया. जबकि पिछले 24 घंटों में 92 मरीजों के ठीक होने के बाद ठीक होने वालों की संख्या 79,90,001 तक पहुंच गई. उन्होंने कहा कि मृत्यु दर और रिकवरी दर क्रमशः 1.82 प्रतिशत और 98.16 प्रतिशत के साथ, राज्य में अब 1,308 सक्रिय मामले बचे हैं. अधिकारी ने कहा कि मुंबई में 52 नए मामले सामने आए, जबकि ठाणे शहर में 33 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई. इसके बाद पुणे में 69 नासिक में 21, कोल्हापुर और अकोला में 13-13, औरंगाबाद में 10 और नागपुर में दो मामले सामने आए. अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में कम से कम 3,834 स्वाब नमूनों को टेस्ट किया गया, जिससे कुल टेस्टिंग की संख्या बढ़कर 8,65,46,719 हो गई. महाराष्ट्र में कोविड-19 के आंकड़ेः नए मामलेः 236, कुलः 81,39,737, मृत्युः 1,48,428, जांचः 8,65,46,719, ठीक हुए 79,90,001

**भारत में कोरोना के कितने मामले?**

भारत में सोमवार को बीते 24 घंटों में कोविड-19 के 918 नए मामले दर्ज किए गए. सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 6,350 हो गई है. सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली. इस बीच, देश में कोरोना से चार संक्रमित मरीजों की मौत हुई, जिनमें से दो राजस्थान में, और एक-एक कर्नाटक और केरल में हुई है. मरने वालों की कुल संख्या 5,30,806 हो गई है.

# गोंदिया के कृषि महाविद्यालय परिसर में हत्या, शव को पेड़ से लटकाया

**महाराष्ट्र :** आये दिन महाराष्ट्र में हत्या के कई मामले सामने आ रहे है। ऐसे में अब कुछ ऐसी ही सनसनी फैलाने वाली खबर गोंदिया शहर के रामनगर थाना क्षेत्र से सामने आई है। आपको बता दें कि यहां के हिवरा स्थित राजकीय कृषि महाविद्यालय के पास वन विभाग की खुली जगह में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। इसी बीच कहा जा रहा है कि उसके गले पर चोट के निशान मिले हैं, इसलिए इसे युवक की हत्या की गई है ऐसा बताया जा रहा है।




**पेड़ से लटका मिला शव**

ऐसे में अब इस संबंध में रामनगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। ऐसे में अब इस गोंदिया में मारे गए युवक का नाम संदीप भाऊलाल चिखलोंडे है। रामनगर थाना अंतर्गत राजकीय कृषि महाविद्यालय हिवरा के समीप वन विभाग के खुले स्थान में दूध ले जा रहे लोगों को संदीप चिखलोंडे का शव पेड़ से लटका मिला। इसकी सूचना उमेश ओंकार माहुले, नि. हिवरा ने पुलिस पाटिल विनोद नंदेश्वर को दी।

**हत्या को लेकर मामला दर्ज**

बता दें कि नंदेश्वर ने जाकर सुनिश्चित किया तो देखा कि वन विभाग के खुले स्थान में एक पेड़ से शव लटका हुआ है। इस घटना को लेकर रामनगर पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। संदीप चिखलोंडे की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। फिर उसकी गर्दन को मफलर की तरह कपड़े से बांधकर पेड़ से लटका दिया।

**गर्दन पर हथियार से वार**

उसकी गर्दन किसी धारदार हथियार से कटी हुई थी और हर तरफ खून सड़ रहा था। ऐसे में अब इस हत्या को लेकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि संदीप के हत्यारे परिचित हो सकते हैं। इसके लिए आरोपी की तलाश के लिए रामनगर पुलिस और स्थानीय क्राइम ब्रांच पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही हत्या की यह गुत्थी सुलझेगी। फिलहाल इस हत्या से गोंदिया में सनसनी मचा दी है।

# समीर वानखेड़े की राजनीति में होगी एंट्री!

## नागपुर में संघ कार्यालय में देखे गए पूर्व NCB डायरेक्टर



**मुंबई :** फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान से जुड़े ड्रग्स केस की जांच को लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुंबई के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े पिछले साल काफी चर्चा में रहे थे। हालांकि, बाद में उनकी ही जांच पर सवाल उठने लगे थे और एनसीबी से उनकी विदाई हो गई थी। अब एक बार फिर चर्चा में हैं, ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि समीर वानखेड़े राजनीति में कदम रख सकते हैं। इन कयासों को तब और हवा मिली जब रविवार को समीर अपनी पत्नी के साथ नागपुर के रेशिमबाग स्थित आरएसएस मुख्यालय पहुंचे।

समीर वानखेड़े और उनकी पत्न ी ने आरएसएस के संस्थापक डॉ बलिराम हेडगेवार के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अधिकारी का आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी रवींद्र बोखरे ने दिल खोलकर स्वागत किया। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि वानखेड़े भाजपा में शामिल हो सकते हैं। वानखेड़े को बलिराम हेडगेवार का प्रशंसक माना जाता है। जानकारी के मुताबिक, समीर वानखेड़े मुंबई के ही रहने वाले हैं। उनका जन्म 14 दिसंबर 1979 को हुआ। वह मराठी परिवार से आते हैं, समीर के पिता का नाम दयानदेव वानखेड़े हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com